# पांच लाख वर्ग फुट में बनेगा एयरपोर्ट : सिंधिया

**वादा**

**अयोध्या, वरिष्ठ संवाददाता।** महर्षि वाल्मीकि हवाई अड्डा अब अगले फेज में पांच लाख वर्ग फुट में बनेगा। फिलहाल 871 एकड़ में विकसित हो रहे इस हवाई अड्डे के पहले चरण का शनिवार को लोकार्पण हो गया। नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने जनसभा में कहा कि इस वक्त यह एयरपोर्ट 65 हजार वर्ग फुट में है। अगले चरण में 2200 मीटर का रनवे 3700 मीटर का हो जाएगा। इसके बाद यहां प्रतिवर्ष 60 लाख यात्री आने लगेंगे। वर्तमान में इस एयरपोर्ट की क्षमता प्रतिवर्ष दस लाख यात्रियों की है।

उन्होंने कहा कि आज ऐतिहासिक दिवस है। हजारों वर्षों के इंतजार की घड़ी खत्म होने जा रही है। 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर में श्रीविग्रह को स्थापित करने का कार्य पूर्ण होगा, जिससे सूर्यवंश समेत अयोध्या का वैभव लौट आएगा। भारत अब दुनिया में आर्थिक नक्षत्र के तौर पर उभर रहा है।



**3700** मीटर का रनवे बनेगा महर्षि वाल्मीकि हवाई अड्डे पर

## आध्यात्मिक केंद्र के रूप में उभरा भारत

नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रयास है कि भारत की आध्यात्मिक शक्ति से भी दुनिया अवगत हो। इस वक्त भारत विश्व के आध्यामिक केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है। अयोध्या में अब बोइंग व एयरबस जैसे हवाई जहाज भी लैंड कर सकेंगे। दिल्ली व अहमदाबाद की फ्लाइटों का यहां से संचालन किया जाएगा।